**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________
2. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** ...........................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________
(In words)

**N 0 0 2 1 7**

# PAPER - II
# POLITICAL SCIENCE

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही प्रयोग करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

## POLITICAL SCIENCE

## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** Who said "Kautilya's *Arthashastra* exemplified radical Machiavellianism, compared to it, Machiavelli's *Prince* is harmless" ?

(1) Weber (2) Morgenthau (3) Waltz (4) Kissinger

**2.** According to Plato, justice is :

(1) Distribution of goods and services

(2) Burdens and Benefits

(3) Punishment and retribution

(4) One man one work, one class one duty

**3.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other as **Reason (R)**. Select the correct answer from the code given below :

**Assertion (A) :** Oakeshott says Hobbes is the greatest political thinker produced by the English speaking people.

**Reason (R) :** No other thinker can match his philosophical foundations and clarity of thought.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true

**4.** Hegel's dialectical method was :

(1) to build a science of politics

(2) to accept the Enlightenment's philosophical method

(3) to assert that the methods of natural sciences and those of social sciences were identical

(4) to solve the problem of contradiction

## राजनीति विज्ञान

## प्रश्न-पत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्न पत्र में **पचास (50)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** यह किसका कथन है ''कौटिल्य का *अर्थशास्त्र* उग्र मैकियावेलिवाद का उदाहरण है, इसकी तुलना में मैकियावेली का *प्रिंस* अहानिकारक है''?

(1) वेबर (2) मोरगेन्थू (3) वाल्ट्ज (4) किसिंजर

**2.** प्लेटो के अनुसार, न्याय है :

(1) वस्तु एवं सेवा का वितरण

(2) भार और प्रसुविधा

(3) दण्ड और प्रतिशोध

(4) एक व्यक्ति एक कार्य, एक वर्ग एक कर्तव्य

**3.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **तर्क (R)** कहा गया है। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

**अभिकथन (A) :** ओकशॉट का कहना है कि हॉब्स अंग्रेजी बोलने वाले लोगों में पैदा होने वाला सबसे महान राजनीतिक चिंतक है।

**तर्क (R) :** कोई अन्य चिंतक उसके दार्शनिक आधार तथा विचार की स्पष्टता की बराबरी नहीं कर सकता।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, लेकिन **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सत्य है, परंतु **(R)** असत्य है।

(4) **(A)** असत्य है, परंतु **(R)** सत्य है।

**4.** हीगेल की द्वन्द्वात्मक विधि थी :

(1) राजनीति के विज्ञान का निर्माण करना

(2) ज्ञान की दार्शनिक विधि को स्वीकार करना

(3) इस बात पर बल देना कि प्राकृतिक विज्ञान की विधियां तथा सामाजिक विज्ञान की विधियां एक समान हैं।

(4) प्रतिवाद की समस्या सुलझाना

5. Who distinguished the Young Marx from the Old Marx ?

(1) Althusser (2) Lenin (3) Miliband (4) Luxemburg

6. Gramsci characterised Fascism as :

(1) Hegemonic revolution (2) Passive revolution

(3) Bourgeois revolution (4) Petit Bourgeois revolution

7. Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other as **Reason (R)**. Select the correct answer from the code given below :

**Assertion (A) :** Gandhi was critical of the material civilisation and particularly detested the Industrial Revolution.

**Reason (R) :** He believed that Industrial Revolution was destroying deeper values.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

8. Roy - Lenin debate centred around :

(1) Dialectical Materialism (2) Marxist Theory of History

(3) The Theory of Surplus Value (4) Colonial Question

9. Deliberative Democracy is :

(1) A theory that champions exclusively Human Rights.

(2) A theory that puts forward environment as the most important agenda.

(3) A theory that concentrates on refining the familiar framework of liberal democracy.

(4) A theory that wants to usher in socialism by democratic means.

5. किसने युवा मार्क्स और वृद्ध मार्क्स के बीच अंतर बताया ?

(1) अल्थूसर (2) लेनिन (3) मिलिबैंड (4) लुक्ज़मबर्ग

6. ग्रामशी ने फ़ासीवाद की विशेषता बताई है :

(1) प्राधान्य क्रांति (2) निष्क्रिय क्रांति

(3) बुर्जुआ क्रांति (4) लघु बुर्जुआ क्रांति

7. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **तर्क (R)** कहा गया है। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

**अभिकथन (A) :** गांधी भौतिक सभ्यता के आलोचक थे और वह विशेष रूप से औद्योगिक क्रांति को पसंद नहीं करते थे।

**तर्क (R) :** उनका विश्वास था कि औद्योगिक क्रांति गहरे मूल्यों को नष्ट कर रही है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, परंतु **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सत्य है, परंतु **(R)** असत्य है।

(4) **(A)** असत्य है, परंतु **(R)** सत्य है।

8. रॉय-लेनिन बहस किसके इर्द-गिर्द केंद्रित थी ?

(1) द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद (2) इतिहास का मार्क्सवादी सिद्धान्त

(3) अधिशेष मूल्य का सिद्धान्त (4) औपनिवेशिक प्रश्न

9. विमर्शिय लोकतंत्र है :

(1) एक सिद्धान्त जो विशेष रूप से मानवाधिकारों का हिमायती है।

(2) एक सिद्धान्त जो पर्यावरण को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत करता है।

(3) एक सिद्धान्त जो उदारवादी लोकतंत्र के सदृश ढांचे को परिमार्जित करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

(4) एक सिद्धान्त जो लोकतांत्रिक साधनों की सहायता से समाजवाद लाना चाहता है।

**10.** Why was behaviouralism shortlived ?

(1) Inability to evolve consensus

(2) Too much dogmatism

(3) It was a localised event

(4) Coloured by Cold War prejudices

**11.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other as **Reason (R)**. Select the correct answer from the code given below :

**Assertion (A) :** According to Weber, comparative politics could be comprehended within the larger framework of culture, which he did by demolishing Marx's theory of economic determinism.

**Reason (R) :** As without this rejection, his theory was totally untenable.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**12.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other as **Reason (R)**. Select the correct answer from the code given below :

**Assertion (A) :** Institutional approach can help in mapping the landscape of politics.

**Reason (R) :** The goal of institutional approach is to reconcile the competing values of individual freedom and collective equality.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**10.** व्यवहारवाद अल्पकालिक क्यों था ?

(1) क्योंकि वह सर्वसम्मत्ति प्राप्त करने में अक्षम था।

(2) इसमें अत्यधिक सैद्धान्तिक हठधर्मिता थी।

(3) यह किसी स्थान विशेष तक सीमित था।

(4) यह शीत युद्ध के पूर्वाग्रह से ग्रसित था।

**11.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **तर्क (R)** कहा गया है। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

**अभिकथन (A) :** वेबर के अनुसार, तुलनात्मक राजनीति को संस्कृति के वृहतर ढांचे में समझा जा सकता है, और उन्होंने यह कार्य मार्क्स के आर्थिक नियतिवाद के सिद्धान्त की धज्जियां उड़ा कर किया।

**तर्क (R) :** क्योंकि इस अस्वीकृति के बिना उनका सिद्धान्त पूर्णत: अतर्कसंगत था।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, परंतु **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सत्य है, परंतु **(R)** असत्य है।

(4) **(A)** असत्य है, परंतु **(R)** सत्य है।

**12.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **तर्क (R)** कहा गया है। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

**अभिकथन (A) :** संस्थागत उपागम से राजनीति के परिदृश्य का खाका तैयार करने में मदद मिल सकती है।

**तर्क (R) :** क्योंकि उस कार्यकलाप का उद्देश्य व्यक्तिगत स्वतंत्रता एवं सामूहिक समानता के प्रतिस्पर्धी मूल्यों में सामंजस्य स्थापित करना है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, लेकिन **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सत्य है, परंतु **(R)** असत्य है।

(4) **(A)** असत्य है, परंतु **(R)** सत्य है।

**13.** Which century according to Easton is "The Age of Scientific Method" ?

(1) Seventeenth Century (2) Eighteenth Century

(3) Nineteenth Century (4) Twentieth Century

**14.** Aristotle's classification of constitutions was based on the categories of :

(1) who rules and who benefits from the rule

(2) ways and means of perpetuating in power

(3) accepting the basic formulations of Plato's *The Republic*

(4) to ensure rule of the majority

**15.** Which one of the following countries follow a semi-presidential system ?

(1) Sri Lanka (2) Germany (3) Italy (4) France

**16.** Who challenged the established view that in Great Britain the Conservative party was elitist and leader dominated, while the Labour party was characterised by a high measure of internal democracy ?

(1) Robert Michels (2) Robert Mekenzie

(3) Tony Benn (4) Mosei Ostrogonski

**17.** Bureaucratic authoritarianism is a variant of :

(1) Military rule (2) Fascism (3) Communism (4) Despotism

**18.** Which theory held that as societies developed they would become capitalist democracies, converging around a shared set of values and characteristics ?

(1) Dependency Theory (2) Structural Functional Theory

(3) Modernization Theory (4) Post-modernization Theory

**19.** Legitimation crisis as an alternative to Weberian approach to legitimacy was developed by :

(1) Miliband and Sweezy (2) Plekhanov and Lenin

(3) Camus and Sartre (4) Habermas and Offe

13. ईस्टन के अनुसार, कौन-सी सदी वैज्ञानिक विधि का युग है?

(1) सत्तरहवीं सदी (2) अठारहवीं सदी

(3) उन्नीसवीं सदी (4) बीसवीं सदी

14. अरस्तू द्वारा किया गया संविधानों का वर्गीकरण इस पर आधारित था कि :

(1) कौन शासन करता है और शासन से कौन लाभान्वित होता है।

(2) सत्ता में अनवरत बने रहने के उपाय

(3) प्लेटो के 'द रिपब्लिक' के मूल प्रतिपादन को स्वीकार करना

(4) बहुसंख्यक का शासन सुनिश्चित करना।

15. निम्नलिखित में से किस देश में अर्ध-राष्ट्रपति प्रणाली प्रचलित है?

(1) श्रीलंका (2) जर्मनी (3) इटली (4) फ्रांस

16. किसने इस स्थापित मत को अस्वीकार किया कि ग्रेट ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी अभिजनवादी है तथा इस पर नेतृत्व का वर्चस्व होता है और लेबर पार्टी आन्तरिक लोकतंत्र के उच्च मानदंड वाली पार्टी है?

(1) राबर्ट मिशेल्स (2) राबर्ट मेकेन्जी

(3) टोनी बेन्न (4) मोसे ओस्ट्रोग्नस्की

17. नौकरशाही सत्तावाद का प्रकार है :

(1) सैनिक शासन (2) फ़ासीवाद (3) साम्यवाद (4) निरंकुशवाद

18. यह किस सिद्धान्त का मत है कि जैसे ही समाज का विकास होगा, वह पूंजीपति लोकतंत्र बन जायेगा जिसमें मूल्यों एवं अभिलक्षणों का एक सम्मिलित समुच्चय होगा?

(1) आश्रयता सिद्धान्त (2) संरचनात्मक प्रकार्यवादी सिद्धान्त

(3) आधुनिकीकरण सिद्धान्त (4) उत्तर-आधुनिकीकरण सिद्धान्त

19. वैधता के वेबर उपागम के विकल्प के रूप में वैधीकरण संकट विकसित किया गया :

(1) मिलिबैंड और स्वीजी द्वारा (2) प्लेखानोव और लेनिन द्वारा

(3) कामु और सार्त्र द्वारा (4) हेबरमास और ओफे द्वारा

**20.** Who said Revolution meant a drastic sudden substitution of one group in charge of the running of a territorial political entity by another ?

(1) Hannah Arendt (2) Theda Skocpol

(3) Crane Brinton (4) Hubert Johnson

**21.** Put the following events in their chronological order and select the correct answer from the code given below :

Poona Pact, Third Round Table Conference, Swaraj Party, Communal Award, Nehru Report.

**Code :**

(1) Swaraj Party, Poona Pact, Third Round Table Conference, Nehru Report, Communal Award

(2) Swaraj Party, Nehru Report, Communal Award, Poona Pact, Third Round Table Conference

(3) Poona Pact, Swaraj Party, Communal Award, Nehru Report, Third Round Table Conference

(4) Nehru Report, Third Round Table Conference, Swaraj Party, Poona Pact, Communal Award

**22.** Which of the following parties/groups the Cabinet Mission did not recognise ?

(1) The Muslim League (2) The Congress

(3) The Sikhs (4) The Princes Guild

**23.** Which of the following come within the ambit of Article 21 of the Indian Constitution ?

(a) Right to shelter (b) Right to good roads

(c) Right to reputation (d) Right to pure drinking water

Select the **correct** answer from the code given below :

**Code :**

(1) (a) and (b) (2) (a), (c) and (d)

(3) (a), (b) and (d) (4) (a), (b), (c) and (d)

**20.** यह किसने कहा है क्रांति का अभिप्राय किसी एक भूभागीय राजनीतिक सत्ता को चलाने वाले किसी प्रभारी समूह का किसी अन्य समूह द्वारा सशक्त आकस्मिक प्रतिस्थापन है ?

(1) हना आरेन (2) थेडा स्कोकपॉल

(3) क्रेन ब्रिंटन (4) हुबर्ट जॉनसन

**21.** निम्नलिखित घटनाओं को उनके सही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिये और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

पूना पैक्ट, तीसरा गोल मेज सम्मेलन, स्वराज पार्टी, कम्यूनल अवार्ड, नेहरू रिपोर्ट

**कूट :**

(1) स्वराज पार्टी, पूना पैक्ट, तीसरा गोल मेज सम्मेलन, नेहरू रिपोर्ट, कम्यूनल अवार्ड

(2) स्वराज पार्टी, नेहरू रिपोर्ट, कम्यूनल अवार्ड, पूना पैक्ट, तीसरा गोल मेज सम्मेलन

(3) पूना पैक्ट, स्वराज पार्टी, कम्यूनल अवार्ड, नेहरू रिपोर्ट, तीसरा गोल मेज सम्मेलन

(4) नेहरू रिपोर्ट, तीसरा गोल मेज सम्मेलन, स्वराज पार्टी, पूना पैक्ट, कम्यूनल अवार्ड

**22.** निम्नलिखित में से किस दल / समूह को कैबिनेट मिशन ने मान्यता प्रदान नहीं की ?

(1) मुस्लिम लीग (2) काँग्रेस

(3) सिक्ख (4) द प्रिंसेस गिल्ड

**23.** निम्नलिखित में से कौन भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के क्षेत्र में आते हैं ?

(a) आश्रय का अधिकार (b) अच्छी सड़कों का अधिकार

(c) ख्याति का अधिकार (d) शुद्ध पेय जल का अधिकार

नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर चुनें :

**कूट :**

(1) (a) और (b) (2) (a), (c) और (d)

(3) (a), (b) और (d) (4) (a), (b), (c) और (d)

**24.** Which of the following cases reflect on the elements of the basic structure of the Indian Constitution ? Choose correct answer from the code given below :

(a) Indira Nehru Gandhi V. Raj Narain

(b) Kesavanand Bharti V. State of Kerala

(c) S.P. Gupta V. Union of India

(d) Minerva Mills V. Union of India

**Code :**

(1) (a), (b) and (d) only (2) (a), (b), (c) and (d)

(3) (c), (d) and (b) only (4) (a), (b) and (c) only

**25.** When were the rules regarding Department Related Parliamentary standing committees made in India ?

(1) 1977 (2) 1981 (3) 1989 (4) 2010

**26.** Which of the following state has a seat reserved on the basis of religion in the Legislative Assembly ?

(1) Goa (2) Mizoram

(3) Jammu and Kashmir (4) Sikkim

**27.** Which of the following pairs is **not** correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Rolling Plan | - | National Front Government |
| (2) | 20 Point Programme | - | Congress Government |
| (3) | National Commission to Review the Working of the Constitution | - | NDA-I Government |
| (4) | National Rural Employment Guarantee Act | - | UPA-I Government |

**28.** Who among the following was not a member of the Sarkaria Commission on Centre-State Relations ?

(1) Justice R.S. Sarkaria (2) G.V. Ramakrishna

(3) B. Shivaraman (4) Dr. S.R. Sen

**29.** Since when the Election Commission of India has become a three member body ?

(1) 1989 (2) 1990 (3) 1993 (4) 2001

**24.** निम्नलिखित में से कौन से मामले भारतीय संविधान को आधारभूत ढांचे के मूल तत्व पर विचार करते हैं? नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) इन्दिरा नेहरू गांधी बनाम राज नारायण

(b) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य

(c) एस.पी. गुप्ता बनाम भारत संघ

(d) मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ

**कूट :**

(1) केवल (a), (b) और (d) (2) (a), (b), (c) और (d)

(3) केवल (c), (d) और (b) (4) केवल (a), (b) और (c)

**25.** भारत में विभागों से संबंधित संसदीय स्थायी समितियों के बारे में नियम कब बनाये गये?

(1) 1977 (2) 1981 (3) 1989 (4) 2010

**26.** निम्नलिखित में से किस राज्य की विधान सभा में एक सीट धर्म के आधार पर आरक्षित है?

(1) गोवा (2) मिजोरम

(3) जम्मू व कश्मीर (4) सिक्किम

**27.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित **नहीं** है?

(1) चल कार्यक्रम (रोलिंग प्लान) - राष्ट्रीय मोर्चा सरकार

(2) 20 सूत्री कार्यक्रम - कांग्रेस सरकार

(3) संविधान की पुनरीक्षा हेतु राष्ट्रीय आयोग - एन डी ए - I सरकार

(4) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम - यू पी ए - I सरकार

**28.** निम्नलिखित में से कौन केंद्र-राज्य संबंध के विषय में सरकारिया आयोग का सदस्य नहीं था?

(1) न्यायमूर्ति आर.एस. सरकारिया (2) जी.वी. रामकृष्ण

(3) बी. शिवरमन (4) डॉ.एस.आर. सेन

**29.** किस समय से भारत के चुनाव आयोग को तीन सदस्य वाला निकाय बनाया गया?

(1) 1989 (2) 1990 (3) 1993 (4) 2001

**30.** Arrange the following peasant movements in their chronological order. Select the correct answer from the code given below :

(a) Tebhaga (b) Champaran (c) Singur (d) Bardoli

**Code :**

(1) (b), (a), (c), (d)

(2) (b), (d), (a), (c)

(3) (c), (a), (b), (d)

(4) (d), (b), (c), (a)

**31.** Which of the following approaches is the precursor of the Ecological approach ?

(1) Classical approach (2) Human Relations approach

(3) Systems approach (4) Behavioural approach

**32.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the code given below :

| | **List - I (Theory)** | | **List - II (Thinker)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Classical Theory | (i) | Elton Mayo |
| (b) | Human Relations Theory | (ii) | Henry Fayol |
| (c) | Decision-Making Theory | (iii) | V. Ostrom |
| (d) | Public Choice Theory | (iv) | Herbert Simon |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**30.** निम्नलिखित किसान आंदोलनों को उनके सही कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए। नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) तेभागा (b) चम्पारण (c) सिंगूर (d) बारडोली

**कूट :**

(1) (b), (a), (c), (d)

(2) (b), (d), (a), (c)

(3) (c), (a), (b), (d)

(4) (d), (b), (c), (a)

**31.** निम्नलिखित में से कौन-सा पारिस्थितिकी उपागम का पूर्ववर्ती है ?

(1) परम्परागत उपागम (2) मानव संबंध उपागम

(3) व्यवस्था उपागम (4) व्यवहारवादी उपागम

**32.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें और दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| **( सिद्धान्त )** | **( चिंतक )** |
| (a) परम्परागत सिद्धान्त | (i) एल्टन मेयो |
| (b) मानव संबंध सिद्धान्त | (ii) हेनरी फेयोल |
| (c) निर्णय-निर्माण सिद्धान्त | (iii) वी. ओस्ट्रोम |
| (d) लोक वरण सिद्धान्त | (iv) हरबर्ट साइमन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**33.** Who among the following has specified six qualities of an administrator / manager - physical, mental, moral, general education, special knowledge and experience ?

(1) Fayol (2) Gulick (3) Urwick (4) Follet

**34.** Which of the following is an example of auxiliary agency ?

(1) Department of Defence
(2) Department of Home
(3) Prime Minister's Office (PMO)
(4) Public Works Department

**35.** Which one of the following types of bureaucracy tend to exhibit a bias towards party interests ?

(1) Caste bureaucracy
(2) Patronage bureaucracy
(3) Guardian bureaucracy
(4) Ruling bureaucracy

**36.** Which of the following are excluded from the RTI Act ?

(a) Central Bureau of Investigation (CBI)
(b) Research and Analysis Wing (RAW)
(c) Central Reserve Police Force (CRPF)
(d) Prime Minister's Office (PMO)

Select the **correct** answer from the code given below :

(1) (a) and (d) (2) (a) and (b) (3) (a), (b) and (c) (4) (c) and (d)

**37.** Which of the following commissions/committees recommended that the financial year should be from January 1 to December 31 ?

(1) L.K. Jha Committee
(2) Sarkaria Commission
(3) Sixth Pay Commission
(4) Second Administrative Reforms Commission

**38.** Which one of the following types of training prepares future recruits for the public service ?

(1) Informal training
(2) Formal training
(3) Pre - entry training
(4) Post - entry training

**33.** निम्नलिखित में से किसने किसी प्रशासक / प्रबंधक की छह विशेषताएं विनिर्दिष्ट की हैं – शारीरिक, मानसिक, नैतिक, सामान्य शिक्षा, विशिष्ट ज्ञान और अनुभव ?

(1) फेयोल (2) गुलिक (3) उर्विक (4) फोलेट

**34.** निम्नलिखित में से कौन सहायक एजेंसी का एक उदाहरण है ?

(1) रक्षा विभाग
(2) गृह विभाग
(3) प्रधान मंत्री कार्यालय (पी एम ओ)
(4) लोक निर्माण विभाग

**35.** नौकरशाही का निम्नलिखित में से कौन सा प्रकार दलगत हितों के प्रति पूर्वाग्रह दर्शाता है ?

(1) जाति नौकरशाही
(2) संरक्षण नौकरशाही
(3) संरक्षक नौकरशाही
(4) सत्ताधारी नौकरशाही

**36.** निम्नलिखित में से किन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम में शामिल नहीं किया गया है ?

(a) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी बी आई)
(b) रिसर्च एंड एनालाइसिस विंग (रॉ)
(c) केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सी आर पी एफ)
(d) प्रधान मंत्री कार्यालय (पी एम ओ)

नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (a) और (d) (2) (a) और (b) (3) (a), (b) और (c) (4) (c) और (d)

**37.** निम्नलिखित में से किस आयोग/समिति ने यह सिफारिश की है कि वित्त वर्ष 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक हो ?

(1) एल.के. झा समिति
(2) सरकारिया आयोग
(3) छठा वेतन आयोग
(4) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग

**38.** निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्रशिक्षण द्वारा लोक सेवा हेतु भावी भर्ती किये जाने वालों को तैयार किया जाता है ?

(1) अनौपचारिक प्रशिक्षण
(2) औपचारिक प्रशिक्षण
(3) प्रवेश पूर्व प्रशिक्षण
(4) प्रवेश पश्चात् प्रशिक्षण

**39.** Which of the following statements are correct about the Central Vigilance Commission ?

(a) It was set up on the recommendation of the Santhanam Committee

(b) It is a statutory body

(c) It is a multi-member commission

(d) It exercises superintendence over the working of the CBI

Select the **correct** answer from the code given below :

(1) (a) and (b) only (2) (b) and (c) only

(3) (a), (b) and (c) (4) (a), (b), (c) and (d)

**40.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)**. Select the correct answer from the code given below :

**Assertion (A) :** The expenditure charged on the Consolidated Fund of India is not subject to the vote of Parliament.

**Reason (R) :** It is in the nature of obligatory payment.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true

**41.** Which of the following combination game theory utilizes to analyse strategic interaction among decision - makers ?

(1) Mathematics and Reason (2) Reason and Logic

(3) Logic and Rationality (4) Mathematics and Logic

**42.** Consider the following statements with regard to MTCR :

(a) China is not a member of MTCR

(b) India is a member of MTCR

(c) Aims at restricting complete rocket systems

(d) Pakistan is a member of MTCR

Select the **correct** answer from the code given below :

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (d), (c)

(3) (b), (c), (d) (4) (d), (b), (a)

**39.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन केंद्रीय सतर्कता आयोग के बारे में सही हैं?

(a) इसकी स्थापना सन्थानम समिति की सिफारिश पर की गई थी।

(b) यह एक सांविधिक निकाय है।

(c) यह अनेक सदस्यों वाला एक आयोग है।

(d) यह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी बी आई) के कार्य का पर्यवेक्षण करता है।

नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन करें :

(1) केवल (a) और (b) (2) केवल (b) और (c)

(3) (a), (b) और (c) (4) (a), (b), (c) और (d)

**40.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **तर्क (R)** कहा गया है। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

**अभिकथन (A) :** भारत की संचित निधि पर भारित व्यय संसद के मत के अध्यधीन नहीं है।

**तर्क (R) :** इसका स्वरूप बाध्यकर भुगतान का है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सत्य है, परंतु **(R)** असत्य है।

(4) **(A)** असत्य है, परंतु **(R)** सत्य है।

**41.** निम्नलिखित में से वह कौन-सा समुच्चय है जिसका उपयोग खेल सिद्धान्त (गेम थ्योरी) में निर्णय करने वालों के बीच रणनीतिक संवाद का विश्लेषण करने हेतु किया जाता है?

(1) गणित और कारण (2) कारण और तर्क

(3) तर्क और युक्तिमूलकता (4) गणित और तर्क

**42.** एम टी सी आर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

(a) चीन एम टी सी आर का सदस्य नहीं है।

(b) भारत एम टी सी आर का सदस्य है।

(c) इसका लक्ष्य पूर्ण रॉकेट प्रणाली को सीमित करना है।

(d) पाकिस्तान एम टी सी आर का सदस्य है।

नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (d), (c)

(3) (b), (c), (d) (4) (d), (b), (a)

**43.** Which one of the following is **not** a criteria of just war ?

(1) Be authorized by a sovereign prince

(2) Be proportionate

(3) Be pursued for just intent

(4) be undeclared

**44.** Whose Presidency in America was marked by 'war on terrorism' ?

(1) George H W Bush (2) George W Bush Jr

(3) Bill Clinton (4) Barack Obama

**45.** A unipolar condition to which George W Bush Jr referred as a balance of power that favours :

(1) Security (2) Cooperation (3) Peace (4) Freedom

**46.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answers from the code given below :

| **List - I (Authors)** | | **List - II (Books)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Andrew Linklater | (i) | Cooperation under Anarchy |
| (b) | F. Clark | (ii) | The transformation of political community |
| (c) | Kenneth Oye | (iii) | Gendering world politics |
| (d) | J.A. Tickner | (iv) | Hegemony in International Studies |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**47.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)**. Select the correct answer from the code given below :

**Assertion (A) :** India is seeking permanent membership of Security Council of UNO.

**Reason (R) :** India is a nuclear power.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true, and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true

**43.** निम्न में से कौन न्याय्य युद्ध का एक मापदण्ड **नहीं** है ?

(1) सम्प्रभु राजकुमार द्वारा अधिकृत होना

(2) आनुपातिक होना

(3) न्यायसंगत उद्देश्य के लिए किया जाना

(4) अघोषित होना

**44.** अमेरिका में किस राष्ट्रपति के कार्यकाल को 'आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई' के दौर के रूप में जाना जाता है ?

(1) जार्ज एच् डब्ल्यू बुश

(2) जार्ज डब्ल्यू बुश जूनियर

(3) बिल क्लिंटन

(4) बराक ओबामा

**45.** एक एकध्रुवीय स्थिति जिसका उल्लेख जार्ज डब्ल्यू बुश जूनियर ने शक्ति के संतुलन के रूप में किया है जो हिमायती है :

(1) सुरक्षा का (2) सहयोग का (3) शांति का (4) स्वतंत्रता का

**46.** **सूची - I** से **सूची - II** को सुमेलित करें और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची - I (लेखक)** | | **सूची - II (ग्रंथ)** |
|---|---|---|---|
| (a) | ऐन्ड्रयू लिंकलेटर | (i) | कोपरेशन अण्डर एनार्की |
| (b) | एफ. क्लार्क | (ii) | द ट्रांसफार्मेशन ऑफ पालिटिकल कम्यूनिटि |
| (c) | केनेथ ओय | (iii) | जेन्डरिंग वर्ल्ड पालिटिक्स |
| (d) | जे. ए. टिकनर | (iv) | हेजेमॉनी इन इन्टरनेशनल स्टडीज |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**47.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **तर्क (R)** कहा गया है। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

**अभिकथन (A) :** भारत संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनना चाहता है।

**तर्क (R) :** भारत एक परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, और **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, परंतु **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सत्य है, परंतु **(R)** असत्य है।

(4) **(A)** असत्य है, परंतु **(R)** सत्य है।

48. Match the **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the code given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Nixon doctrine | (i) | Support to anti-guerilla movements |
| (b) | Kennedy doctrine | (ii) | Pursuit of peace through a partnership with allies |
| (c) | Reagan doctrine | (iii) | Intervention to prevent genocide |
| (d) | Clinton doctrine | (iv) | Foreign policy initiatives towards Latin America |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

49. Consider the following statements with regard to Non aligned movement.

(a) Julius Nyerere was one of the founding members of NAM

(b) India hosted seventh NAM summit

(c) The seventeenth NAM summit was held in Venezuela

(d) The headquarters of NAM is in Belgrade

Select the correct answer from the code given below :

(1) (a), (b) and (c) (2) (a), (c) and (d)

(3) (b) and (c) (4) (b) and (d)

50. Which one of the following is **not** part of 'Three Pillars' of R2P (Responsibility to Protect) ?

(1) If a state fails to protect its population, International community take collective action in accordance with the UN Charter

(2) It is state's responsibility to protect its population from four mass atrocity crimes

(3) It is the responsibility of International Community to protect people from crimes against humanity

(4) International Community's responsibility to assist individual states in meeting the responsibility

- o O o -

48. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | निक्सन सिद्धान्त | (i) | गुरिल्ला विरोधी आंदोलनों का समर्थन |
| (b) | केनेडी सिद्धान्त | (ii) | मित्र राष्ट्रों के साथ भागीदारी द्वारा शांति का प्रयास |
| (c) | रीगन सिद्धान्त | (iii) | नर संहार रोकने हेतु हस्तक्षेप |
| (d) | क्लिंटन सिद्धान्त | (iv) | लैटिन-अमेरिकी राष्ट्रों के प्रति विदेश नीति की पहल |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

49. निर्गुट आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) जुलियस न्यरेरे निर्गुट आंदोलन (नैम) के एक संस्थापक सदस्य थे।

(b) भारत ने सातवीं नैम शिखर बैठक की मेजबानी की थी।

(c) सत्रहवीं नैम शिखर बैठक वेनेजुएला में आयोजित की गई थी।

(d) नैम का मुख्यालय बेलग्रेड में है।

नीचे दिय गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

(1) (a), (b) और (c)
(2) (a), (c) और (d)
(3) (b) और (c)
(4) (b) और (d)

50. निम्नलिखित में से कौन आर 2 पी (संरक्षण का दायित्व) के 'तीन स्तंभों' का भाग **नहीं** है?

(1) यदि राज्य अपनी जनसंख्या को संरक्षण प्रदान करने में विफल रहता है, तो अन्तरराष्ट्रीय समुदाय संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के अनुसार सामूहिक कार्यवाई करेगा।

(2) यह राज्य का दायित्व है कि वह अपनी जनसंख्या को चार सामूहिक अत्याचार अपराधों से संरक्षण प्रदान करे।

(3) यह अन्तरराष्ट्रीय समुदाय का कर्तव्य है कि वह मानवता के विरुद्ध अपराधों से जनता को संरक्षण प्रदान करे।

(4) प्रत्येक राज्य के दायित्व के निर्वहन में उसकी सहायता हेतु अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय का दायित्व।

- o O o -

**Space For Rough Work**